# नज़र सांवरे तेरी बस एक नज़र | By Mukesh Bagda

नज़र सांवरे तेरी बस एक नज़र
मुझ पे प्रभु है उसी का असर
नज़र सांवरे तेरी .......

मैं दर दर पे बाबा भटकता रहा था
खुशियों की खातिर तड़पता रहा था
तूने ही ली बाबा मेरी खबर
नज़र सांवरे तेरी .......

मैं सारे जहाँ की खुशी मांगता हूँ
कर्मो पे अपने नहीं झांकता हूँ
ना रखा कभी मैंने खुद पे सबर
नज़र सांवरे तेरी .......

तेरे दर पे बाबा आता रहूं मैं
भजनो को तेरे गाता रहूं मैं
यूँ ही बीत जाए ये सारी उमर
नज़र सांवरे तेरी .......

तूने कन्हैया को अपना लिया है
जो कुछ भी माँगा प्रभु सब कुछ दिया है
ना रखी प्रभु तूने कोई कसर
नज़र सांवरे तेरी .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b8-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc/